# अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त दो जे.सी.बी. व एक डम्पर जब्त

## जेसीबी चालक ने आवेश में आकर पुलिस टीम पर पथराव किया



ब्यावर में सदर थाना पुलिस टीम ने अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की।

■ पुलिस टीम ने मुश्किल से जेसीबी को रूकवाया व चालक को पकड़ा

**ब्यावर,** (नीसं)। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनज़र चुनाव आयोग व जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वृत्ताधिकारी राजेश कसाना की देखरेख में जिला स्पेशल टीम की सूचना पर सदर थानाधिकारी गंगाराम खावा की टीम ने अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए खनिज से भरा एक डम्पर व अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त दो जे.सी.बी. जब्त की है।

गौरतलब है कि एएसआई तेजमल अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी समय जिला स्पेशल टीम प्रभारी विजय सिंह उप निरीक्षक ने सूचना दी कि लहरी गांव के पास सरकारी भूमि पर अवैध खनन हो रहा है। इस पर पुलिस टीम तुरंत स्पेशल टीम द्वारा बताई जगह के लिये रवाना होकर लहरी गांव के पास सरकारी जमीन के पास पहुंची तो देखा कि सरकारी भूमि पर एक जेसीबी मशीन चालक जेसीबी से डम्पर में खनिज पत्थर भर रहा है। पुलिस टीम को देखकर अपने-अपने वाहनों को खदान से निकालने लगे जिस पर टीम ने उनको चारों तरफ से घेरा देकर पकड़ा। दोनों के पास खदान से खनन करने हेतु कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। आसपास देखने पर पाया कि कुछ दूरी पर एक अन्य जे.सी.बी. खदान में पत्थर हटा रही है। जिस पर पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची व जेसीबी चालक को रोका व नाम व पता पूछा व खनन संबंधी दस्तावेज के बारे में पूछा तो जेसीबी चालक आवेश में आ गया व दूर जाकर पुलिस टीम पर पथराव करने लगा। पुलिस टीम ने आसपास छिपकर बचाव किया। तभी चालक मौका पाकर जेसीबी लेकर लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए भागने लगा व राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस टीम ने सरकारी जीप से पीछा कर कुछ दूरी पर मुश्किल से जेसीबी को रूकवाया व चालक को पकड़ा। खनन विभाग को सूचित किया जाकर एक डंपर व दो जेसीबी को जब्त किया गया व तीनों वाहनों सहित उनके चालकों को थाने लाया गया। जिनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाकर पूछताछ जारी है।

आरोपियों में विक्रमसिंह रावत पुत्र मोहनसिंह रावत, नरेश पुत्र गेंदीलाल, पूनमसिंह रावत पुत्र प्रभूसिंह रावत है और उनसे जे.सी.बी., डम्पर (पत्थर से भरा हुआ) जब्त किया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी जिला स्पेशल टीम विजय सिंह,सहायक उप निरीक्षक तेजमल आदि थे।

# अफीम डोडा-चूरा तस्करी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई



पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।

■ 7- 7 साल की सजा और 70-70 हजार के अर्थदंड लगाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने अफीम डोडा-चूरा तस्करी के एक मामले में तस्कर और तस्करी की जा रही थार गाड़ी के मालिक को 7- 7 साल की सजा और 70-70 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोग अभियोजक कैलाश चौधरी ने बताया 5 जून 2017 को बिगोद एसएचओ महावीर मीणा जाब्ते के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान त्रिवेणी चौराहे पर नाकेबंदी कर वह वाहनों की जांच करने लगे तभी एक महिंद्रा थार जीप पुलिस जाब्ते को देखकर वापस पलटने लगी। पुलिस ने शंका के आधार पर गाड़ी के चालक को पकड़ा और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मोलूराम उर्फ मोडू राम पिता कानाराम निवासी जाटों का मोहल्ला किशनपुर जिला अजमेर होना बताया। थार गाड़ी की चेकिंग की गई तो उसमें साड़ीनुमा कट्टे में 42 किलो अफीम डोडा-चूरा मिला। अफीम डोडा-चूरा को वाहन के साथ जब्त कर मोडूराम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की अग्रिम जांच मांडलगढ़ एसएचओ गजेंद्र सिंह के जिम्मे की गई। प्रकरण में जब्त वाहन रामप्रताप जाट पिता रामनारायण जाट किशनगढ़ अजमेर के नाम पर होना पाया गया। अनुसंधान में पता चला कि उक्त वाहन राम प्रताप द्वारा मोडूराम को अफीम डोडा-चूरा परिवहन करने के लिए दिया गया था। प्रकरण का अनुसंधान पूर्ण होने के बाद पुलिस ने मोडूराम के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट और रामप्रताप के विरुद्ध अपराध धारा 8/ 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत चार्जसीट न्यायालय में पेश की। ट्रायल पूरी होने के बाद विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण न्यायालय भीलवाड़ा द्वारा आज मोडू राम को अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट व रामप्रताप को अपराध धारा 8/25 एनडीपीएस एक्ट का दोषी मानते हुए 7-7 साल का कठोर कारावास और 70-70 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस प्रकरण न्यायालय भीलवाड़ा चौधरी ने दोषसिद्ध करने के लिए 10 गवाह और 50 दस्तावेज कोर्ट में पेश किए।

# रक्तदान शिविर में 113 यूनिट रक्त संग्रहित



बाड़ी माता मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते।

**बिजयनगर,** (निसं)। क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता के मुख्य उपासक गुरुदेव चुन्नीलाल टाक के द्वादश मोक्ष निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजितस्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 113 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।शिविर का शुभारंभ गुरुदेव दिवगंत चुन्नीलाल टाक की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

गुरु मां सावित्री देवी, गुरुदेव के सुपुत्र राजेंद्र टाक, अशोक टाक, हेमंत टाक, सुरेश प्रजापत, नारायण सिंह राठौड़ के द्वारा रक्तदान करशिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर में जेएलएन ब्लड बैंक अजमेर और केशव ब्लड बैंक देवली के द्वारा रक्त संग्रहण किया । रक्तदान शिविर में 8 मातृ शक्ति डॉ नितिन दरगड एवं डॉ. नंदनी बिरला ने भी रक्तदान कर प्रेरित किया। शिविर मे प्रहलाद पंड्या, दीपक पांड्या रामस्वरूप मेवाड़ा , प्रह्लाद झवर ,विनोद त्रिपाठी ,बालवीर मेवाड़ा, अविनाश जोशी, लक्ष्मण जोशी, कैलाश शर्मा, धर्मीचंद व्यास, प्रमिला रासलोत सांवरलाल जांगिड़, महावीर जलवानिया, केडी मिश्रा, सूर्य प्रकाश बघेरवाल, ने सेवाएं दी। बाड़ी माता भक्त मंडली द्वारा सभी रक्तदाताओं और रक्त टीम का बाड़ी माता की तस्वीर भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में जानकारी दी

**रूपनगढ़,** (निसं) । विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्राम निंबार्कतीर्थ में नरेगा श्रमिकों को जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के पीएलवी धर्मीचंद खाचरिया ने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष मे ग्राम निंबार्कतीर्थ में नरेगा श्रमिक स्थल पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर के माध्यम से श्रमिकों को बताया की आज हर वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस के रूप मे मनाया जाता है। जिसका प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी का सम्मान करना एवं प्रदूषित होने से बचाना है।

क्योकि आज हर जीव वर्ग पृथ्वी पर ही निवास करता हुआ अपना जीवन यापन करता है ओर जीवन यापन के सभी तत्व यही से प्राप्त करता है,जिसमे मनुष्य जीवन की ज़िम्मेदारी बनती है की पृथ्वी का संतुलन बनाए रखे। जिसको बिगड़ने से रोके ताकि भविष्य खतरे मे नही जाए क्योकि मनुष्य जीवन ही सभी प्राणियों मे एक समझदार प्राणी माना जाता है जो इसका सही रूप मे संचालन कर सकता है । पीएलवी खाचरिया ने बताया की विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से ही पृथ्वी प्रदूषित हो रही है। आज भयंकर तापमान मे वृद्धि, अशुद्ध खाद्य प्रदार्थ, विभिन्न प्रकार की बीमारियो ने पांव पसारे है, हर व्यक्ति किसी ने किसी प्रकार से अपने आप को बीमार महसूस कर रहा है।

# हनुमान जन्मोत्सव आज

## पूर्व संध्या पर मंदिरों में गूंजी सुंदरकांड की चौपाईयां

■ मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन, आज निकलेगी शोभायात्रा

**अजमेर,** (कासं)। हिन्दू कैलेंडर के चैत्र मास की पूर्णिमा 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव शहर सहित जिले भर में धार्मिक आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में सुंदरकांड व हुनमान चालीसा पाठ सहित धार्मिक आयोजन होंगे और हनुमानजी का नयानभिराम श्रृंगार किया जाएगा। मंदिरों में दोपहर को महाआरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शहर के बजरंगगढ़ बालाजी मंदिर, घालीवाले बालाजी मंदिर, मदार गेट, आगरा गेट बालाजी मंदिर सहित सभी मंदिरों में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, विशेष पूजन, महाआरती व छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी।

**पूर्व संध्या पर मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ व भजन संध्या :-** बजरंगगढ़ स्थित पहाड़ वाले बालाजी मंदिर के पुजारी ने बताया शहर के मध्य दौलत बाग के समीप पहाड़ी पर 300 वर्ष पुराना यह हनुमान मंदिर स्थित है, मंदिर बजरंगगढ़ के नाम से विख्यात है, यहां श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन के लिए आते है, हनुमान जन्मोत्सव पर मेले का आयोजन होता है। मंदिर परिसर में पंच दिवसीय हुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत बालाजी की प्रतिमा को स्नान कराने के बाद सिंदूर से श्रृंगारित कर चांदी व सोने के वर्क से सजाया गया, सोमवार को बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया, सायं पांच 5 बजे सुंदरकांड पाठ के बाद रात्रि 8 बजे भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन गायक राज्यवर्धन सुथार व विमल गर्ग ने एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा, सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ के बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। दोपहर 12 बजे महाआरती व जन्मदिन मनाया जाएगा।

**फूल मालियान शिव मंदिर धार्मिक आयोजन :-** भोपो का बाड़ा स्थित फूल मालियान शिव मंदिर पंचायत समिति की ओर से हनुमान जन्मोत्सव की सोमवार को मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे सुन्दरकाण्ड का आयोजन हुआ तथा मंगलवार दोपहर 12 बजे विशेष महाआरती व छप्पन भोग व 11 किलो चूरमे के प्रसाद वितरण किया जाएगा। ग्राम सोमलपुर में स्थित 2000 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर पर पहली बार हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सोमवार रात्रि 9:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। मंगलवार को आरती के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

**शोभायात्रा आज:-** हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में मंगलवार को काली माता के अखाड़ों के साथ ही शहर भगवा शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शीतला चौक सुभाष नगर से दोपहर 3 बजे प्रारम्भ होकर गढी मालियान बालाजी मन्दिर जाएगी। शोभायात्रा में बाहुबली बजरंग बली की झांकी, राम दरबार की झांकी के साथ ही काली माता का अखाड़ा होगा। परबतपुरा बाईपास स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मन्दिर अर्जुनलाल सेठी नगर में धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के पंडित राजेन्द्र ने बताया है कि अखण्ड संगीतमय सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन प्रातः 9:15 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा। मन्दिर सेवा समिति के अशोक सांखला ने बताया कि दोपहर 12:15 बजे छप्पन भोग, महाआरती का आयोजन किया जाएगा तथा दोपहर सवा एक बजे प्रसाद के वितरण का किया जाएगा।

## सार-समाचार

### चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**शाहपुरा,** (निसं)। भारत में आयोजित हों रहे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए शाहपुरा जिले के शाहपुरा, रहड, बच्छखेड़ा, ढिकोला ग्राम पंचायतों में शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक रमेश तिवारी, थानाधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा के साथ पुलिस जाप्ता व गोवा पुलिस टीम की जी कम्पनी के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर आमजन से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गयी, साथ ही सी विजिल एप के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**परबतसर,** (निसं)। ताल्लुका विधिक सेवा समिति परबतसर के अध्यक्ष हनुमान सहाय जाट, अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश सं. 01 परबतसर के निर्देशानुसार विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को ग्राम पंचायत गिंगौली नाका की ढाणी नरेगा स्थल पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कल्याणी संस्थान के सचिव लालाराम मेघवाल ने बताया कि पृथ्वी का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान हैं तथा हमारे धार्मिक ग्रंथों में पृथ्वी को माता का दर्जा दिया गया हैं तथा पृथ्वी ही सम्पूर्ण प्राणीयों का भरण-पोषण करती हैं तथा जितनी भी चींजे पृथ्वी पर स्थित हैं वे सब हमारे लिए अमूल्य हैं जिनका मनुष्य तेजी से उपयोग कर रहा हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी की सम्पदा खत्म होती जा रही हैं तथा मनुष्य अपने लाभ के लिए पृथ्वी को हानि पहुंचा रहा हैं और हर दिन ग्लोबल वार्मिग की समस्या बढ़ती जा रही हैं जिससे पूरी दुनिया खतरे में आ गई हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य शुद्व पानी, शुद्व हवा तथा पर्यावरण को स्वस्थ बनाये रखने के लिए लोगों को जागरूक करना है। हमारी पृथ्वी में जो सीमित संसाधन हैं उन संसाधनों का कम से कम उपयोग करना चाहिए पर मनुष्य बहुत लालची हैं अपने स्वार्थ के कारण रोज लाखों हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रहा हैं जिससे जंगल खत्म हो रहे हैं जिससे वर्षा नहीं हो रही हैं तथा अकाल की मार झेलनी पड़ रही हैं तथा पर्यावरण प्रदूषण से भी पृथ्वी को नुकशान हो रहा हैं जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे बाढ़ आने का खतरा बना रहता हैं। इस मौके पर नरेगा श्रमिक हेमलता, पप्पू देवी, सीमा देवी, इंद्रा देवी, संतोष देवी आदि मौजूद रहे तथा उपस्थित सभी लोगों ने पृथ्वी के संरक्षण व संवर्धन के लिये ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

### जिले में 39 हजार बच्चों ने लिखी पाती

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता के नवाचार के तहत स्वीप गतिविधियों अन्तर्गत जिले के समस्त निजी एवं सरकारी विद्यालयों के हजारों विद्यार्थी ''वोट मनुहार की पाती लिखते हुए अपने अभिभावकों को लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान दिवस ''26 अप्रैल'' को आवश्यक रूप से मतदान करने का आ ान कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मेहता ने बताया कि ''वोट मनुहार की पाती'' के माध्यम से बच्चें जिले के समस्त वोटर्स को मतदान करने की भावुक अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के संस्था स्टाफ ने लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में विद्यार्थियों के सहयोग से अभिभावकों को 26 अप्रैल, 2024 को सवेरे 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान करने के लिए ''वोट मनुहार की पाती'' थीम आधारित पत्र लिख रहे हैं। यह अभियान जिले में 24 अप्रेल तक चलेगा। जिले के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी इस चुनावी जागरूकता अभियान में अपनी भूमिका का सार्थक निर्वहन कर रहे हैं। वोट मनुहार की पाती अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले की स्कूलों में विद्यार्थी अपने अभिभावकों को मतदान का आव्हान करते हुए हस्तलिखित पत्र लिख रहे हैं। विद्यार्थी विद्यालय से घर लौटने के बाद अपने अभिभावकों को पत्र देकर आवश्यक रूप से मतदान की अपील करेंगे।

### रंगोली बनाकर दिया मतदान का सन्देश

**ब्यावर,** (निसं) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गौरव बुडानिया के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक करवाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सतरंगी सप्ताह के छठे दिन ईएलसी प्रभारी राजकुमारी कुमावत के नेतृत्व में छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदान करने के सन्देश दिया। तहसीलदार लालाराम यादव ने सभी छात्राओं और स्काउट को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर स्काउट व गाइड और सहायक स्टेट कमिश्नर स्काउट विमल चौहान, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीलम लोढ़ा, स्काउट स्वीप सह प्रभारी दीपक नागौरा,बूथ अवेयरनेस प्रभारी सुरेश चन्द फुलवारी,मसूदा सचिव मोहन सिंह,दीपक चोरोटिया, भूपेन्द्र कुर्डिया,नरेन्द्र फुलवारी, सचिव बाबुद्दीन काठात,विष्णु गोयल,गिरीश बैरवा,नवीन देवडा, कोमल गुप्ता,राशि सोनि,अंजली जैन, गोयल,ललिता चौधरी,गिरीश बैरवा एवम समस्त विद्यार्थी उपस्थिति रहें।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी 24 को भीलवाड़ा शहर में करेगी रोड शो

**भीलवाड़ा,** (नीसं)। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी 24 अप्रैल को भीलवाड़ा विधानसभा अंतर्गत शहर के मुख्य बाजारों में रोड शो कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में सघन जनसंपर्क द्वारा भाजपा के पक्ष में मतदान के साथ भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल भी उनके साथ रहेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि रोड शो एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में सांसद, जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, नगर परिषद सभापति, विधानसभा प्रभारी, संयोजक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का रोड शो एवं जनसंपर्क कार्यक्रम 24 अप्रैल बुधवार को प्रातः 9:00 बजे दूधाधारी गोपाल मंदिर, सांगानेरी गेट से प्रारंभ होकर शहीद चौक, धानमंडी, बड़ा मंदिर, सर्राफा बाजार, गुलमंडी, भोपाल क्लब चौराहा, नया बाजार, सुभाष मार्केट, गोल प्याऊ चौराहा, सदर बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन चौराहा स्थित अंबेडकर सर्किल पर संपन्न होगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रताप मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह जादौन, शास्त्री मंडल अध्यक्ष पीयूष डाड, गणेश मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंगीवाल, सुभाष मंडल अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में शहरवासियों से रोड शो एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में भीलवाड़ा शहर के समस्त जनप्रतिनिधि, जिला एवं मंडल के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहेंगे।

## शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई

**रूपनगढ़,** (निसं)। उपखण्ड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ में सोमवार को सहायक ब्लाक विकास अधिकारी नंदकिशोर कुमावत की अगुवाई में बीएलओ महाराम, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद एंवम स्कूल के समस्त स्टॉफ लक्ष्मी, बसन्ती सैनी, भारती शर्मा, पूनम सहित श्योराम गुर्जर, श्योजी राम गुर्जर, फूमा देवी, नाथी देवी, आचुकी, तुलछा देवी, कमला देवी, हाबुड़ी देवी एवम आँगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पारीक व गाँव के अन्य सदस्यों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई।

# छठा दिन महिला वोटरों के लिए रहा समर्पित

**भीलवाड़ा,** (नीसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत चल रहे सतरंगी सप्ताह का छठा दिन सोमवार को महिला वोटरों के लिए समर्पित रहा।

सोमवार के दिन की थीम नारंगी रंग के साथ ''वोट करूंगी, तभी तो बढूंगी'' के अंतर्गत महिला मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रंगोली एवं महिला मार्च कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी आल्हाद नि. सोमनाथ, जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर योगेश पारीक, महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नागेंद्र तोलम्बिया तथा प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सुभाष नगर विद्यालय से प्रारंभ होकर सुभाष नगर क्षेत्र की विभिन्न आवासीय कॉलोनियों से होती हुई, गायत्री आश्रम के पास मालोला चौराहे पर समाप्त हुई।

# युवा राजनीति में बढ़-चढ़कर करे भागीदारी: माली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल लाल माली के नेतृत्व में माली समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल अजमेर रोड़ स्थित निजी रिसोर्ट में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी से मुलाकात कर चुनाव में माली समाज द्वारा भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिलाया। माली (सैनी) महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल माली ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि माली समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने डॉ. सीपी जोशी से मुलाकात कर समाज की समस्याओं के साथ-साथ माली समाज को संगठन में अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी। साथ ही राजनीतिक चर्चा करते हुए समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सीपी जोशी को आश्वस्त किया कि माली समाज एक जुट होकर कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करेगा। समाज के प्रतिनिधि मण्डल को संबोधित करते हुए डॉ. सीपी जोशी ने भी माली समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी हर संभव मदद करेंगे और कहा कि भीलवाड़ा क्षेत्र में युवाओं के रोजगार के लिए नए बड़े औधोगिक स्थापित किये जाएँगे, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाललाल माली ने कहा कि माली समाज के युवा राजनीति से पीछे हटने की बजाय उसमें बढ़ चढ़कर भागीदार बने, क्योंकि किसी भी समाज की उन्नित उसकी युवा शक्ति एवं राजनीतिक भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि राजनीति एक ऐसी कुंजी है जिससे सभी समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने माली समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर राजनीति में सक्रिय होने का आ ान करते हुए कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है। इसलिए माली समाज को अपनी सभी उपजातियों को एक साथ संगठित कर राजनीतिक ताकत हासिल करनी चाहिए।

# शत प्रतिशत हो मतदान सभी मिलकर करें प्रयास



मतदान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

**आसीन्द,** (निसं)। लोक सभा चुनाव 2024 के मध्य नजर सहायक रिटर्निंग अधिकारी उम्मेदसिंह राजावत सहायक रिटर्निंग अधिकारी की अधयक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसीन्द के सभा भवन में उपखण्ड क्षैत्र आसीन्द व बदनोर के समस्त पटवारी, भू.अभिलेख निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बूथ लेवल अधिकारी, आशा सहयोगिनी की एक बैठक आयोजित हुई । इस बैठक को सम्बोधित करते हुये राजावत ने बताया कि विधान सभा क्षैत्र आसीन्द में शतप्रतिशत मतदान हो इसके लिये हम सभी को मिल कर प्रयास करना है । विभिन्न प्रयासो से यह सुनिश्चित करे कि कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छुटे।

आप सभी मिल मतदाताओं को यह बताये कि मतदान केन्द्र पर सारी व्यवस्थाए की है आपको मतदान केन्द्र पर किसी प्रकार की कठिनाई नही होगी । छाया, पानी, वेटिंग एरिया, व्हील चेयर, सेल्फी पोईटं, प्रमाण पत्र, क्यू आर को स्केन करने पर प्रमाण प्राप्त करना, प्रातः जल्दी मतदान करने वालो से पौधा रोपण करवा मतदाता को सम्मानित करना, ऑफ लाईन प्रमाण पत्र, तीन पीढी के एक साथ मतदान करने पर उन्हैं सम्मानित करने आदि की व्यवस्था की गई है । बाहर मजदूरी व खेती के काम से जाने वाले मतदाताओं को बताये कि वे प्रातः 7.00 बजे मतदान करने के पश्चात ही अपने काम के लिये प्रस्थान करे । आप सभी मिल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित करें । मतदाता को अपने मत का महत्व समझाये ।

तहसीलदार आसीन्द भंवरलाल सैन ने बताया कि मतदान दिवस के दिन हेला टोली, स्काउट-गाईड, सेवा निवृत कार्मिको, चुनाव ड्यूटी से मुक्त सरकारी कार्मिको, विद्यालय के छात्र मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित करे तथा मतदाताओं को बूथ पर भिजवावें । प्रत्येक मतदाता सुगमता से मतदान कर सके इसके लिये आवश्यक व्यवस्था बूथ पर सुनिश्चित की जावें । इस बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी आसीन्द, तहसीलदार आसीन्द - भंवरलाल सैन, नायब तहसीलदार आसीन्द नीतू पारीक, विकास अधिकारी आसीन्द सुधीर पाठक, सहित समस्त पटवारी, भू.अभिलेख निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बूथ लेवल अधिकारी, आशा सहयोगिनी आदि उपस्थित रहे।